# केंद्रीय विद्यालय उ. व. अ. सं. जबलपुर (म.प्र.)

## विद्यालय प्रबंधन समिति बैठक

आज दिनांक 4/10/2024 को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता आदरणीय निदेशक उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर एवं अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति डॉ. हरीश सिंह गिनवाल जी के द्वारा की गई । विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सम्मानित सदस्य गणों की उपस्थिति इसमें सराहनीय रही।

सभी सदस्यों ने विद्यालय विकास पर चर्चा करते हुए अपने-अपने सुझाव रखें जिसमें निम्नलिखित विषयों पर चर्चा की गई ।

1) सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य महोदय के द्वारा विद्यालय लेखा प्रस्तुत किया गया, जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन भारत सरकार शिक्षण मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय है । केंद्रीय विद्यालय उष्ण वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर की स्थापना सन 1993 में हुई ।
2) नई शिक्षा नीति व केंद्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार प्रवेश प्रक्रिया में सुधार किया गया है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक कक्षा में छात्रों की संख्या घटकर 32 सुनिश्चित कर दी गई है। केंद्रीय विद्यालय संगठन में छात्रों का प्रवेश श्रेणीवार होता है। जिसमें वरीयता क्रम में श्रेणी I, II, III, IV, V & VI के अनुसार दाखिला किया जा सकता है। वर्तमान में हमारे विद्यालय में छात्रों की कुल संख्या 369 है। जिसके अंतर्गत श्रेणीवार छात्र-छात्राओं की संख्या इस प्रकार है।

| | I | II | III | IV | V | VI | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छात्र | 8 | 44 | 3 | 46 | 2 | 116 | 219 |
| छात्रा | 4 | 31 | 0 | 19 | 1 | 95 | 150 |

3) विद्यालय में शिक्षकों की कुल संख्या 23 है जिसमें 18 शिक्षक 2 कार्यालय व सब-स्टाफ तथा 3 संविदा शिक्षक हैं।
4) गत वर्ष कक्षा दसवीं में छात्रों की कुल संख्या 27 थी। बोर्ड परीक्षा में दसवीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा और विद्यालय का PI 63.8% रहा। इस उपलब्धि पर केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से विद्यालय को प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किया गया।
5) पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताओं मैं संभागीय स्तर पर 16 छात्रों का तथा राष्ट्रीय स्तर पर 3 छात्रों का चयन हुआ।
6) वर्तमान में भी विद्यालय के 18 छात्र-छात्राओं द्वारा कला उत्सव व एक भारत श्रेष्ठ भारत में भाग लिया गया है।
7) NCSE में भी विद्यालय के एक छात्रा का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है।
8) स्काउट एवं गाइड के अंतर्गत गोल्डन एरो में 9 छात्रों, राज्य पुरस्कार में 16, प्रति सोपान में 16 तथा राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए एक छात्र का चयन हुआ है।

प्र. गार्ग

प्राचार्य
के. वि. उ.व.अनु.सं. जबलपुर
Principal
K.V. T.F.R.I. Jabalpur

अध्यक्ष/Chairman
केन्द्रीय विद्यालय
Kendriya Vidyalaya
टी.एफ.आर.आई., जबलपुर (म.प्र.)
T.F.R.I., Jabalpur (M.P.)

9) विद्यालय के प्राचार्य द्वारा विद्यालय की शुल्क संरचना पर भी विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया। जैसे दाखिला फीस, पुनः दाखिला फीस, ट्यूशन फीस, कंप्यूटर फ़ीस, VVN आदि पर विस्तार से चर्चा की गई।

इसके अतिरिक्त छात्रों के शुल्क में दी जाने वाली रियायतों पर भी चर्चा की गई जैसे SC, ST के छात्रों की ट्यूशन फीस न लगना BPL, RTE, PH आदि श्रेणीयो के तहत भी छात्रों की फीस में छूट दी जाती है।

10) वार्षिक VVN की कुल आय का 25% केंद्रीय विद्यालय संगठन, 3% राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कोटा, 2% राष्ट्रीय स्काउट एंड गाइड तथा 05% विद्यालय को जाता है।

बैठक में जिन अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई उसकी एक प्रति कार्यवृत्त के साथ संलग्न है।

तत्पश्चात समिति के समस्त सदस्यों द्वारा अपने सुझाव प्रस्तुत किए गए।

1) सर्वप्रथम डॉ. अरुणा ने विद्यालय में पानी की उचित व्यवस्था को महत्वपूर्ण बताया साथ ही उन्होंने कला और संस्कृति को ध्यान में रखकर केंद्रीय विद्यालयों में जो भी गतिविधियां आयोजित की जाती है उसके लिए उन्होंने केंद्रीय विद्यालय संगठन की सराहना की इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्यालय व छात्रों के विकास के लिए अपनी ओर से पूर्ण सहयोग की भी बात कही तथा विद्यालय के लिए महत्वपूर्ण मदो को शीघ्र पूरा करने के लिए भी कहा।
2) डॉ. निधीश जी के द्वारा भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए गए साथ ही उन्होंने विज्ञान संबंधी किसी भी समस्या के लिए छात्रों के मार्गदर्शन के लिए अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।
3) अभिभावक सदस्य श्री दिनेश कुमार अवस्थी द्वारा यह सुझाव प्रस्तुत किया गया कि विद्यालय के सामने से जाने वाली मुख्य सड़क पर एक गति अवरोधक बनाया जाए ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। सुरक्षा की दृष्टि से उन्होंने इसे छात्रों के लिए महत्वपूर्ण बताया।
4) अंत में निदेशक महोदय द्वारा अपने सुझाव प्रस्तुत किए गए सर्वप्रथम उन्होंने केंद्रीय विद्यालय संगठन की शुल्क संरचना, प्रवेश प्रक्रिया, संगठन के नियम आदि की सराहना की उसके बाद उन्होंने केंद्रीय विद्यालय संगठन के शिक्षकों की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि किस प्रकार शिक्षक राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता परीक्षा में उत्तीर्ण होकर विद्यालयों में चयनित होते हैं और बच्चों को शिक्षा देकर वह उनका मार्गदर्शन करते हैं उन्होंने कक्षा 9वी के परीक्षा परिणाम में सुधार की बात कही | साथ ही अतिरिक्त गतिविधियों में छात्रों की सहभागिता की बात भी कही |
उन्होंने चर्चित मुद्दों में जो मुद्दे अति आवश्यक है जैसे पानी की समस्या, मंच पर छत डालने की बात, कक्षाओं में सीलन की समस्या, मैदान में मिट्टी की भराई व रास्ता बनाने की बात इत्यादि को शीघ्र अति शीघ्र पूरा करवाने का आश्वासन दिया तथा साथ ही अन्य सभी आवश्यकताओं को भी शीघ्र पूरा करवाने की बात कही |
तत्पश्चात उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी।

अंत में विद्यालय के खेल शिक्षक श्री संजय श्रीवास जी द्वारा बैठक में उपस्थित अध्यक्ष महोदय व अन्य सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया | इस बैठक में आने हेतु सभी का आभार व्यक्त किया गया।

प्राचार्य
के. वि. उ.व.अनु.सं. जबलपुर
Principal
K.V. T.F.R.I. Jabalpur

अध्यक्ष/Chairman
केन्द्रीय विद्यालय
Kendriya Vidyalaya
टी.एफ.आर.आई., जबलपुर (म.प्र.)
T.F.R.I., Jabalpur (M.P.)